<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

<u>कृषि विज्ञान केन्द्रों के संयुक्त स्टाल पर श्रीअन्न (मोटे अनाजों) के उत्पादों का विशेष आकर्षण</u>

विश्वविद्यालय के 9 कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा एक संयुक्त स्टाल लगाया है। यह स्टाल केन्द्रों द्वारा राज्य में कृषि के सतत् व सर्वांगीण विकास की गाथा की झलक प्रस्तुत करता है। स्टाल में श्री अन्न (मोटे अनाज) किसानों को आकर्षित का केन्द्र बना हुआ है जहां मुख्य मोटे अनाज ज्वार, बाजरा, रागी एवं लघु मोटे अनाज सांवा, काकुन, चीना, कुटकी, कोदो का प्रदर्शन किया गया है। स्टाल में मधुमक्खी पालन इकाई, गैनोडर्मा मशरूम उत्पादन के माध्यम से उच्च संरक्षित कृषि उत्पाद के आयाम दर्शायें गए हैं। जैविक खेती से उत्पादित फलों एवं सब्जियों के साथ ही खाद्य प्रसंस्करण की विधि से निर्मित जैम, आचार, प्रसंस्करित खाद्य उत्पाद व हथकरघा एवं मोमबत्ती को पोषण सुरक्षा व पारिवारिक आयोपार्जन को दर्शाने के लिए रखा गया है। स्टॉल में उत्तराखण्ड राज्य की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मंडुवा से बने विभिन्न प्रकार के उत्पादों का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। कृषि महाविद्यालय के स्टाल पर खाद्य सुरक्षा एवं पर्वतीय क्षेत्रों में टिकाऊ खेती की सम्भावनाएं थीम पर विद्यार्थियों द्वारा मॉडल तैयार कर किसानों को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा किसान मेले में विभिन्न फर्मों द्वारा कृषि यंत्रों पर विशेष छूट एवं सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

कृषि विज्ञान केन्द्रों के स्टाल पर श्रीअन्न (मोटे अनाज) की जानकारी प्राप्त करते किसान।

निदेशक संचार